impact
www.impactmeasurement.co.in

Punjab Kesari
Delhi - Sep 10, 2018

Page No: 9
Page Name: Vyapaar
Size: 83 sq. cm
AVE: INR 123,255

Type: Newspaper
Language: Hindi
Circulation: 362,882
Frequency: Daily

News monitored for: MRC

Title: 60 Medical camp organized according to CSR program of IRCON

इरकॉन के सीएसआर कार्यक्रम के तहत 60 मेडिकल कैंपों का आयोजन

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर के दूर-दराज के इलाक़ों मे 60 नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर रहा है।

राज्य में पहले चिकित्सा शिविर का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय और उधमपुर से सांसद डॉ. जितेंद्र सिंह ने जम्मू जिले में दिनांक 11 अगस्त 2018 को किया। कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक लगाए गए दो चिकित्सा शिविरों से 500 से ज़्यादा लोग लाभान्वित हुए हैं। ये चिकित्सा शिविर राज्य के दूर-दराज़ के इलाक़ों में लगाए जा रहे हैं, जहां मेडिकल सुविधाएं उतनी अच्छी नहीं हैं। इन शिविरों में नि:शुल्क मेडिकल जांच तथा डॉक्टरी सलाह की सुविधा के साथ-साथ दवाइयों का मुफ्त वितरण भी किया जा रहा है।

© Punjab Kesari